## ।। कार्यालय आदेश ।।

नालंदा जिलान्तर्गत हरनौत रेल फैक्ट्री पथ में लेवल क्रांसिग संख्या–10/C के बदले पहुँच पथ सहित आर0ओ0बी0 निर्माण कार्य के संवेदक Baba Hans Constructions Pvt. Ltd., Plot No. – 33D, Near Pensioner Bhawan, Patliputra Colony, Patna-800013 (निबंधन संख्या–पु0नि0नि02 / स्था(नि0)– 01(प्रथम)–498 / 2023) को आवंटित किया गया। उक्त परियोजना का कार्य आरंभ होने की तिथि दिनांक–02.05.2023 था एवं कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–01.05.2025 थी, कार्य ससमय नही पूर्ण होने पर EOT देते हुए परियोजना को पूर्ण करने की तिथि दिनांक–01.05.2026 निर्धारित की गई। किन्तु निर्धारित समय सीमा में संवेदक द्वारा कार्य में तेजी नही लाई गई। वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, नालंदा (बिहारशरीफ) के विभिन्न पत्रों द्वारा संवेदक को कई बार सूचित किया गया कि Railway एवं BRPNNL के वरीय पदाधिकारियों द्वारा परियोजना की धीमी गति को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की गई है एवं संसाधन बढ़ाते हुए शेष कार्य को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने का आदेश दिया गया है। अनेकों निदेश दिए जाने के पश्चात् भी संवेदक द्वारा कोई संज्ञान नही लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मानसुन को ध्यान में रखते हुए वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, नालंदा (बिहारशरीफ) द्वारा संवेदक को कई बार Drain एवं Road का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया जा चुका है, परंतु संवेदक द्वारा अभी तक कार्य शुरू नही किया गया है। संवेदक को उक्त परियोजना का Work Programme तीन दिनों के अन्दर समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया, परंतु संवेदक द्वारा इसे समर्पित नही किया गया है। जिससे प्रतीत होता है कि संवेदक द्वारा उक्त परियोजना को पूर्ण करने में कोई रूचि नही है। वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, नालंदा (बिहारशरीफ) एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–2, पटना द्वारा उक्त कार्य में लापरवाही बरतने के कारण संवेदक को अगले 2 वर्ष तक या उक्त परियोजना को पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) डिबार करने की अनुशंसा किया गया।

वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल नालंदा (बिहारशरीफ), बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 का पत्रांक–973 (अनु0), दिनांक–14.07.2026 एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल सं0–2, पटना का ज्ञापांक–1997 (अनु0) दिनांक–14.07.2026 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक Baba Hans Constructions Pvt. Ltd., Plot No. – 33D, Near Pensioner Bhawan, Patliputra Colony, Patna-800013 (निबंधन संख्या–पु0नि0नि02 / स्था(नि0)– 01(प्रथम)–498 / 2023) को पत्र निर्गत की तिथि दिनांक–15.07.2026 से अगले 2 वर्ष अर्थात दिनांक–14.07.2028 या उक्त परियोजना को पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

**कृ0पृ0प0**................

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–................................

प्रतिलिपिः– Baba Hans Constructions Pvt. Ltd., Plot No. – 33D, Near Pensioner Bhawan, Patliputra Colony, Patna-800013को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–................................

प्रतिलिपिः– सचिव (योजना एवं प्रशासन)/सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।

ज्ञापांक–.....1794...../पटना, दिनांक–.....15/07/2026.....

प्रतिलिपिः–बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

15/07/2026

**प्रबन्ध निदेशक**
बि0रा0पु0नि0नि0लि0, पटना।
15.07.2026